प्रेस विज्ञप्ति

बीईएल ने रु.19700 करोड़ का रिकार्ड कुल कारोबार दर्ज किया

बेंगलूरु, 1 अप्रैल, 2024 - नवरत्न रक्षा पीएसयू भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने पिछले वर्ष के कुल कारोबार रु. 17,333 करोड़ के समक्ष वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग रु. 19700 करोड़ (अनंतिम एवं लेखा अपरीक्षित) का कुल कारोबार दर्ज किया।

वित्त वर्ष 2023-24 में, बीईएल ने लगभग रु. 35000 करोड़ मूल्य के आदेश सफलतापूर्वक प्राप्त किए। वर्ष के दौरान प्राप्त उल्लेखनीय रक्षा ऑर्डर में इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज़, ईडबल्यू प्रणालियां, नौसैनिक जहाजों के लिए संचार प्रणालियां, फायर कंट्रोल प्रणालियां, आकाश प्राइम शस्त्र प्रणाली, रेडार, सोनार, साफ्टवेयर निर्देशित रेडियो, रात्रि दर्शी साधित्र, सामरिक संचार प्रणालियां और गैर-रक्षा खंड की अन्य परियोजनाएं शामिल हैं।

इसे मिलाकर, 1 अप्रैल, 2024 को बीईएल की कुल ऑर्डर बही लगभग रु. 76000 करोड़ की हो गई है।

पिछले वर्ष की निर्यात बिक्री यूएस$ 48.33 मिलियन पर बीईएल ने 92% की प्रगति दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान लगभग यूएस$ 92.98 मिलियन की निर्यात बिक्री हासिल की। निर्यात किए गए प्रमुख उत्पादों में ट्रांसमिट एंड रिसीव (टीआर) मॉड्यूल, कॉम्पैक्ट बहुद्देश्यीय उन्नत स्थिरीकरण प्रणाली (CoMPASS), रेडार और इलेक्ट्रॉनिक युद्धपद्धति प्रणालियां, चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक्स, संचार उपकरण आदि शामिल हैं।

वित्त वर्ष में अर्जित यूएसडी 211 मिलियन राशि के निर्यात ऑर्डर के साथ 1 अप्रैल, 2024 को निर्यात ऑर्डर बही 407 मिलियन यूएसडी की है।

श्री भानु प्रकाश श्रीवास्तव, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, बीईएल ने कहा, “बीईएल ने अपने कुल कारोबार को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए एक बार फिर अपनी निर्माणी शक्ति को साबित किया है, इसका श्रेय रक्षा और रक्षा-इतर कारोबारी खंडों के उत्पादों की विशाल श्रृंखला को जाता है। पिछले वर्ष की तुलना में हमारे निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो कंपनी द्वारा अपनी वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों और रक्षा निर्यात अधिकतम करने की रक्षा मंत्रालय की दूरदृष्टि को दर्शाता है। अनुसंधान व विकास पर लगातार ज़ोर दिया जा रहा है और इसके लिए हम डीआरडीओ, शिक्षा जगत और उद्योग के साझेदारों के साथ अपने संस्थागत आर एंड डी प्रयासों और सहयोग पर ध्यान दे रहे हैं। हम सरकार की ‘मेक इन इंडिया’ पहल के अनुरूप काम कर रहे हैं और स्वदेशीकरण, एमएसएमई और जेम से खरीद करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बने हुए हैं। बीईएल निर्यात पहल, विविधीकरण, क्षमता वर्धन, प्रतिस्पर्धात्मकता और आधुनिकीकरण के माध्यम से विकास के नए अवसरों की खोज करना जारी रखेगी।”